पंजाब केसरी 14/03/2024

जी.एम.एन. कालेज के विद्यार्थियों ने खुड्डा कलां में लिंग संवेदीकरण पर निकाली रैली

खुड्डा कलां में लिंग संवेदीकरण रैली निकालते जी.एम.एन. कालेज के विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 13 मार्च (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कालेज की एन.एस.एस. यूनिट के विद्यार्थियों द्वारा खुड्डा कलां में चलाए जा रहे 7 दिवसीय विशेष शिविर के दौरान बुधवार को लिंग संवेदीकरण पर रैली का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम विश्वविद्यालय स्तर पर एन.एस.एस. शिविर के दौरान अपने अनुभवों को सांझा किया। इसके बाद स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के छात्रों ने गांव में लिंग संवेदीकरण पर रैली निकाली। लोगों को बताया कि बेटा एवं बेटियों में कभी भी विभेद नहीं करना चाहिए।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि उनके कालेज के स्वयंसेवक गली-गली जाकर लोगों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें लिंग संवेदीकरण पर जागरूक कर रहे हैं। डा. धर्मवीर सैनी ने बताया कि आज विद्यार्थियों ने गांव के लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही बेटियों के हित के लिए सरकारी योजनाओं के बारे में बताया।

सांध्यकालीन सत्र में कालेज के ही विद्यार्थी पीयूष ने बताया कि किस प्रकार उसने न्यू स्टार्टअप शुरू कर स्वयं का रोजगार स्थापित किया है। आत्मविश्वास एवं नवाचार आपको समाज में अलग पहचान दिलवाता है।